एक नजर में

शिक्षक जीवन को दिशा देने वाला मार्गदर्शक

इंदौर . संकल्पमय चातुर्मास-2026 के अंतर्गत शिक्षक दिवस के अवसर पर धर्मसभा में शिक्षकों के महत्व और जीवन में उनकी भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला गया . साध्वी पद्मकीर्तिजी ने शिक्षक के महत्व को समझाते हुए कहा कि हमारे जीवन में सबसे पहले गुरु माता-पिता होते हैं . वे ही हमें जीवन के संस्कार, व्यवहार और मूल्यों की पहली शिक्षा देते हैं । इसके बाद शिक्षक हमारे ज्ञान को विस्तार देते हुए जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं . कि शिक्षक केवल पुस्तकीय ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व और भविष्य को गढ़ने वाला मार्गदर्शक होता है . शिक्षक द्वारा दिए गए संस्कार और शिक्षा जीवनभर हमारा मार्गदर्शन करते हैं . साध्वी डॉ . कुमुदलता महाराज साहब ने कहा कि आज मोबाइल के युग में यदि शिक्षक नहीं होते तो आज हम यहां तक का यह लंबा सफर तय नहीं कर पाते . शिक्षक हमें ज्ञान सिखाता है, शिक्षा देता है और जीवन की समझ प्रदान करता है ., शिक्षक वह होता है, जो हमारी लाइफ बनाने का रास्ता बताता है . शिक्षक हमारे जीवन को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है . इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षा और संस्कारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्रद्धालुओं ने गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना प्रकट की . संचालन जिनेश्वर जैन ने किया .

पौधारोपण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

इंदौर . सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में अग्रणी संस्था यादव अहीर युवा स्ट्रांग ग्रुप एवं समस्त यादव अहीर समाज द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया । वृहद पौधारोपण एक पौधा मां यशोदा के नाम एवं यादव समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज जनों का स्वागत अभिनंदन किया गया .कार्यक्रम संयोजक पार्षद शिवम यादव ने बताया कि जन्माष्टमी पर भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के साथ ही संस्था संरक्षक पूर्व पार्षद केके यादव जी का जन्माष्टमी पर जन्मदिन मनाया गया और सेवा कार्यों का संकल्प भी लिया गया . इस अवसर पर गौ माता को छप्पन, पौधारोपण, प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया . कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं उन्हें उपहार, शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई . कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरुषोतम यादव, पूर्व आईजी अशोक यादव, विजय यादव, श्याम सुंदर यादव, मनीष यादव, विजय यादव, सतीश यादव, प्रवेश यादव, राजेश चौकसे आदि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे . कार्यक्रम में श्री कृष्ण जी के भजनों पर आधारित भजन संध्या ने मन मोह लिया . संचालन राजेश यादव ने किया . आभार संजय यादव ने माना .

नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

इंदौर . जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोईथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में स्व . मीठालाल रांका, स्व . जतन देवी रांका की पुण्य स्मृति में स्नेजी एकेडमी स्कूल अवंतिका नगर स्कीम नंबर 51 पर विशाल नेत्र शिविर आयोजित किया गया . ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 245 मरीजों ने लाभ लिया 24 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन चोईथराम हॉस्पिटल में नि :शुल्क होंगे . जरूरतमंद को 120 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए . इस शिविर के मुख्य लाभार्थी महेन्द्र कुमार, सुनिता रांका एवं मनन, मुनमुन रांका परिवार इंदौर है . ग्रुप के समाज सेवी, भवरलाल कासवा, सुभाष गोखरु, डॉ . जितेन्द्र पारख, किरण संचेती, अरविन्द चौधरी, महेश डकोलिया, पारस कटारिया, चन्द्र कुमार फ़तेपुरिया, डॉ आर एन मिश्रा, प्रथम तिवारी, प्रदीप मौर्य, तेज सिंह बेस आदि का सहयोग रहा . सीनियर सिटीजन ग्रुप इस प्रकार के शिविर लगाते रहते हैं मानव सेवा में आगे है .

सिका के अध्यक्ष बने कार्तिक शास्त्री

इंदौर . साउथ इंडियन कल्चरल एसोसिएशन (सिका) संपन्न कार्यकारिणी चुनाव में कार्तिक शास्त्री ने भारी बहुमत से शानदार जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद हासिल किया . प्रतिष्ठित सात दशक से अधिक पुरानी संस्था के वर्ष 2026-2028 के कार्यकाल के लिए निर्वाचित श्री शास्त्री को सदस्यों का व्यापक समर्थन मिला । अध्यक्ष निर्वाचित होने के साथ ही श्री शास्त्री सिका एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में भी संस्था की शैक्षणिक गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे . यह ट्रस्ट इंदौर में तीन प्रतिष्ठित विद्यालयों और एक महाविद्यालय का संचालन करता है . नई कार्यकारिणी में अनुभव और विशेषज्ञता का मजबूत समावेश हुआ है . डॉ . रेवती अरुणकुमार उपाध्यक्ष, डॉ . दिव्या साईराम सचिव, डी . गोविंदराजन कोषाध्यक्ष तथा श्री एम . रामचंद्रन संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए हैं . कार्यकारिणी समिति के लिए श्रीमती बाला रविचंद्रन, राजा मणि, श्री आर . वासुदेवन, श्री प्रशांत शर्मा, श्री अक्षय विश्वनाथन और श्री बी . शिवराज निर्वाचित हुए हैं .

विट्ठल भाई पटेल स्मृति संगीत-संध्या आज

इंदौर . प्रसिद्ध गीतकार, साहित्यकार एवं वरिष्ठ राजनेता स्वर्गीय श्री विट्ठलभाई पटेल की स्मृति में 6 सितंबर को शाम 6 .30 बजे रवीन्द्र नाट्य गृह में संगीत-संध्या एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा . कार्यक्रम का शीर्षक है- भुलाए नहीं भूलती भैया की याद ! विट्ठलभाई पटेल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान के इस वार्षिक आयोजन में मुंबई के कलाकार युगल समीर-दीपाली दाते मुख्य प्रस्तुति देंगे . अतिथि स्वर में रतिका श्रीवास्तव, संदीपा पारे, इकबाल खान और ऐश्वर्या नैमा गाएंगे . संगीत संयोजन अभिजीत गौड़ करेंगे तथा सूत्रधार संजय पटेल होंगे . इस अवसर पर सेठ सीताराम अग्रवाल स्मृति सम्मान की घोषणा भी की जाएगी . साहित्य, समाज-सेवा, उद्योग और चिकित्सा क्षेत्र के कई व्यक्तित्वों को विट्ठलभाई पटेल सम्मान-2026 से सम्मानित किया जाएगा . संयोजक ललित अग्रवाल एवं सुधीर मालवीया ने जानकारी दी .

मेहरुन्निसा रंग वाला का निधन



इंदौर . दाऊदी बोहरा समाज के व्यवसायी शब्बीर रंगवाला व कांग्रेस नेता मज़हर हुसैन सेठजी वाला की फूफी, शबाना रंग वाला, अब्बास मनासा वाला एवं मुस्तनसीर मलेक वाला की सासू मां मेहरुन्निसा रंग वाला पति मरहुम हकीमुद्दीन रंग वाला का इंतेकाल हो गया . उन्हें इमली बाजार स्थित दाऊदी बोहरा कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया . शेख तुराब कांच वाला, शेख आबिद हुसैन लेमन वाला, बुरहानुद्दीन शकरुवाला, अमीर इंजीनियरिंग वाला, असगर फिदवी, इकबाल चप्पु, हकीम देवास वाला, जौहर मानपुर वाला एवं मज़हर रेशम वाला ने दुख व्यक्त करते हुए खिराजे अकीदत पेश की है .

गोगा नवमी पर निकला चल समारोह, निशान-झांकियां बने आकर्षण

इंदौर . वाल्मीकि समाज ने शनिवार को अपने आराध्य वीर गोगादेव की नवमी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई . शहर की करीब 28 वाल्मीकि बस्तियों से शाम को आकर्षक झांकियां, निशान और अखाड़े बैंड-बाजों के साथ निकलें . सभी निशान रात में राजबाड़ा पहुंचें . इसके बाद यहां से चल समारोह यशवंत रोड होते हुए पंढरीनाथ स्थित वीर गोगादेव चौहान मंदिर पहुंचा . श्रद्धालुओं ने गोगाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की .

मोबाइल लूटकर भागे दो बदमाश, पीछा किया तो एक ने चाकू से कर दिया हमला

इंदौर. एमआर 10 रोड पर बाइक सवार दो बदमाश एक युवक का मोबाइल झपटकर भागे. युवक ने उनका पीछा किया इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठा बदमाश गिर गया. पकड़े जाने के डर से उसने चाकू निकालकर युवक पर कई वार कर दिए. लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए.

सांवेर रोड सेक्टर एफ निवासी अंकित भदौरिया बुधवार की रात घर के बाहर मोबाइल पर बात कर रहे थे. इसी दौरान एचआर ग्रीन के सामने एमआर 10 रोड पर मेट्रो ब्रिज के नीचे मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश पहुंचे और उनका मोबाइल छीनकर भागने लगे. अंकित ने बाइक सवारों का पीछा किया तो कुमेड़ी रोड निवासी विशाल, जो बाइक पर पीछे बैठा था, गिर गया. अंकित के उसके पास पहुंचते ही विशाल ने जेब से स्प्रिंगनुमा चाकू निकाला और उस पर हमला कर दिया. शोर सुनकर मौके पर मौजूद आदर्श मिश्रा और कुछ राहगीर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला. इसी दौरान बाइक चला रहा आरोपी अंकित, जो देवास का रहने वाला है और फिलहाल कुमेड़ी रोड पर रह रहा है, भी फरार हो गया. घायल अंकित को पहले अरबिंदो अस्पताल और बाद में बापट अस्पताल में इलाज कराया गया. अस्पताल से छुट्टी के बाद फरियादी ने बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने विशाल और उसके साथी अंकित के खिलाफ लूट और हमले का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

स्कूली बच्चों ने सीखा इको-फ्रेंडली गणेश बनाने का मंत्र

जानकी नगर स्थित स्कूल में महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज, लव यू जिन्दगी एवं रोटरी क्लब की मेजबानी में मना शिक्षक दिवस

इंदौर. महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज, लव यू जिन्दगी एवं द रोटरी क्लब ऑफ़ रॉयल्स इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जानकी नगर स्थित टेलेंट हा. से. स्कूल में 150 से अधिक बच्चों ने प्रख्यात कलाकार अर्पिता बंसल से मिटटी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण भी लिया और शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान भी किया.

कार्यशाला में पिछले 26 वर्षों से बच्चों को इको-फ्रेंडली गणेश बनाने का प्रशिक्षण दे रहीं अर्पिता बंसल ने महाराष्ट्र से बुलवाई गई विशेष मिटटी से बच्चों को गणेशजी की प्रतिमा बनाने, उसे सुंदर रंगों से श्रृंगारित करने के साथ ही गणेशजी की पूजा अर्चना की विधि भी अपने दिलचस्प अंदाज में बताई. कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के संचालक किशोर गुप्ता के स्वागत उद्बोधन से हुआ. प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल ने बताया कि इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों से लगातार समर्पित आभा आनंद सहित अन्य शिक्षकों का भी सम्मान किया गया. रोटरी क्लब ऑफ़ रॉयल्स इंदौर की अध्यक्ष डॉ. सुनैना खन्ना, सचिव जगप्रीत सिंह, महिला प्रकोष्ठ की ओर से श्वेता बिंदल एवं गरिमा गुप्ता ने सभी मेहमानों का स्वागत किया. बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ करीब डेढ़ घंटे चली इस कार्यशाला में भाग लिया और मिटटी के गणेश बनाकर प्रसन्नता और संतुष्टि भी महसूस की. समापन अवसर पर बच्चों ने गणेशजी के गीत और भजन पर नृत्य भी किया और जयकारे भी लगाए. प्रसाद के रूप में बच्चों को लड्डू वितरण भी किया गया. आभा आनंद ने कहा कि तकनीक और एआई का उपयोग आज के दौर में उपयोगी तो है लेकिन हमें अपने मस्तिष्क और अपनी रचनात्मक सोच का प्रयोग करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए. बच्चे स्वयं सोचें, स्वयं सीखें और अपनी बौद्धिक क्षमता को विकसित करें तो यह समाज और राष्ट्र के हित में सार्थक प्रयास होगा.

इटली के काउंसल जनरल पहुंचे शहर

विशेष दल के साथ किया स्वच्छता और व्यवस्थाओं का अवलोकन

इंदौर. देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका इंदौर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है. दुनिया के विभिन्न देशों से प्रतिनिधिमंडल इंदौर पहुंचकर यहां की स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और शहरी विकास मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं. इसी क्रम में इटली के काउंसल जनरल वॉल्टर फरेरा विशेष दल के साथ इंदौर पहुंचे. प्रतिनिधिमंडल ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था और विभिन्न नवाचारों का अवलोकन किया.



इस दौरान काउंसल जनरल ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल से मुलाकात कर इंदौर के विकास मॉडल और भविष्य की परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की. महापौर एवं आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि किस तरह जनभागीदारी, आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है. बैठक में इटली काउंसल जनरल वॉल्टर फरेरा ने भविष्य की परियोजनाओं और इंदौर के विकास की दीर्घकालिक योजनाओं पर भी चर्चा की. इस दौरान स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में इटली और इंदौर के बीच तकनीकी सहयोग एवं समझौते की संभावनाओं पर भी विचार किया गया, साथ ही निवेश को लेकर भी फरेरा ने संभावनाएं जताई. महापौर ने कहा कि इंदौर की स्वच्छता यात्रा अब केवल राष्ट्रीय उपलब्धि तक सीमित नहीं रही है. देश के विभिन्न शहरों के प्रतिनिधिमंडलों के बाद अब विदेशों से भी अधिकारी और विशेषज्ञ इंदौर पहुंचकर यहां की व्यवस्थाओं को समझ रहे है. निवेश को लेकर विचार कर रहे है.

ऊंचा वही उठ पाएगा, जिसकी जड़ें मजबूत होंगी : सुधासागर

इंदौर. पेड़ को पहले अपनी जड़ें धरती में अंदर तक मजबूत करना पड़ती है, उसके बाद ही वह आकाश की ओर बढ़ सकता है. मनुष्य जीवन में भी यही सिद्धांत लागू होता है कि यदि हमें ऊँचाइयों को छूना है तो अपनी जड़ों को मजबूत करना होगा. ऊँचा वही उठ पाएगा जिसकी जड़ें जमीन के अंदर तक गहरी और मजबूत हों. बाहरी सफलता से पहले अंतर्आत्मा की नींव और मन की शांति मजबूत करना जरुरी है. हम अपनी खुशी, दूसरों की प्रशंसा और बाहरी दिखावे से जोड़ बैठे हैं जबकि वास्तविक खुशी धर्म के भीतर उतरने और स्वयं को पहचानने से मिलेगी.

ये विचार हैं राष्ट्रसंत मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में वीआईपी रोड स्थित किला मैदान, दलाल बाग परिसर में निर्मित विद्या-सुधा मंडप में चल रहे चातुर्मास महोत्सव की धर्मसभा में व्यक्त किए. सभा का शुभारंभ मंगलाचरण एवं पाद प्रक्षालन के साथ हुआ प्रारम्भ में आयोजन समिति की ओर से चक्रवर्ती अध्यक्ष नवीन-शिवानी गोधा, सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद-अंतिका गोधा, महामंत्री हर्ष-तृप्ति जैन, मनीष-सपना गोधा एवं आकाश-दीपिका जैन कोयला आदि ने देशभर से आए साधकों की अगवानी की. इस अवसर पर महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी, विजय पाटोदी, हुकमचंद जैन काका, संजय पाटोदी, प्रिंसपाल टोंग्या, भूपेंद्र भोपाली, सौरभ बडजात्या, संजय पांड्या, मयंक जैन, विकास पाटोदी एवं कमल अग्रवाल सहित अनेक सहयोगी बंधुओं ने सभा की व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया. राहुल सेठी ने बताया कि दलाल बाग पर पर्यूषण महापर्व पर 15 सितम्बर से होने वाले श्रावक संस्कार शिविर के प्रति देशभर के साधकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है.

विशेष सशस्त्र बल के जवानों के साथ मनाया रक्षाबंधन

इंदौर. रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत द्वारा विशेष सशस्त्र बल, इंदौर में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देश की सुरक्षा में समर्पित वीर जवानों एवं अधिकारियों के साथ विशेष रक्षाबंधन समारोह आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में रोटरी क्लब एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के सदस्यों द्वारा लगभग 100 जवानों एवं अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त की गई. इस अवसर पर जवानों ने भी रक्षाबंधन की भावनाओं को आत्मीयता के साथ स्वीकार किया. कार्यक्रम में 15 वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल के उप कमांडेंट विशाल सिंह, असिस्टेंट कमांडेंट विनोद बघेल, इंस्पेक्टर केतन सावले सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे. रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत के अध्यक्ष रोटेरियन विनय गुप्ता ने कहा कि हमारे वीर जवान दिन-रात देश की सुरक्षा में तैनात रहते हैं. उनके साथ रक्षाबंधन मनाना हमारे लिए गर्व और सम्मान का विषय है. यह राखी उनके प्रति समाज के प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है.

सचिव रोटेरियन विनोद वर्मा ने कहा कि देशवासियों की सुरक्षित जिंदगी के पीछे हमारे सुरक्षा बलों का महत्वपूर्ण योगदान है. रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के पब्लिक इमेज चेयरपर्सन सीए घनश्याम सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि यह उन सभी लोगों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर भी है, जो देश और समाज की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं. कार्यक्रम में अभिषेक राजावत, शिखा काबरा, शोभा गुप्ता, रचना शुक्ला, संतोष मुंद्रा, संगीता पाठक, शिखा शर्मा, नीलू तोमर, सीमा सोलंकी, कीर्ति राजावत ,संगीता चोपड़ा , सी ए घनश्याम सिंह सहित रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 एवं रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत के अनेक सदस्य उपस्थित रहे. रक्षाबन्धन के प्रोग्राम का कोआर्डिनेशन क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन रजनीश जयसवाल द्वारा किया गया.

वेंकटेश देवस्थान गुमास्ता नगर में होंगे धार्मिक आयोजन

इंदौर. गुमास्ता नगर स्थित तिरुपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान से 36 वर्ष से अटूट एवं बिना किसी रुकावट के निकाली जा रही प्रभात मेरी 37वें वर्ष में प्रवेश करेगी. दोपहर मंदिर परिसर में नंद उत्सव भी मनाया जाएगा।

प्रभात फेरी भजन मंडल एवं रामायण मंडल के जानकीनाथ काकानी एवं सूर्यप्रकाश झंवर में बताया कि प्रभातफेरी स्वर्गीय रामकृष्ण नीमा द्वारा प्रारंभ की गई थी जो गत 36 वर्ष से बिना किसी नागा के निकाली जा रही है। ठंड, गर्मी और बरसात के बावजूद किसी भी दिन ऐसा नहीं हुआ कि प्रभात फेरी नहीं निकाली गई हो. 6 सितंबर को प्रात: 5.30 बजे विशेष प्रभातफेरी मंदिर से प्रारंभ होकर प्रात: 7 बजे पुन: मंदिर पहुँचेगी. प्रभात फेरी में संत हर्ष राम जी के साथ और भी संत महात्मा शामिल होंगे. प्रभात फेरी का स्थान स्थान पर भव्य स्वागत किया जाएगा. प्रभात फेरी का समापन मंदिर परिसर पर होगा. तत्पश्चात मंगला आरती, ध्वजारोहण एवं भगवान का महाभिषेक होगा। दोपहर 2 बजे से नंद-महोत्सव प्रारंभ होगा. कान्हा के जन्मोत्सव पर हरिकिशन साबू भोंपू जी भजनों की रस गंगा बहाएंगे. तीन दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला में 5 सितंबर को रात्रि मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ भी किया गया।

वैश्य समाज के परिचय सम्मेलन में पोरवाल समाज भी बनेगा भागीदार

इंदौर . मप्र वैश्य महासम्मेलन द्वारा 26-27 सितंबर को रिंग रोड स्थित दस्तूर गार्डन पर होने वाले अ.भा. वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर अ.भा. श्रीदशा वैष्णव पोरवाड महासभा द्वारा न्यू पलासिया स्थित ओम शांति भवन पर समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें सम्मेलन की कार्ययोजना पर विचार मंथन कर विभिन्न समितियों का गठन किया गया . मप्र वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागड़ी के मुख्य आतिथ्य में हुई इस बैठक में संगठन के प्रदेश महामंत्री रमेश गुप्ता ने भी समाज की सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया .

अध्यक्षता पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने की . बैठक में पोरवाल महिला महासंघ की राष्ट्रीय मंत्री लक्ष्मी गुप्ता, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल अजमेरा, दिनेश रणधर एवं हरीश विजयवर्गीय ने भी अपने विचार व्यक्त किए . बैठक में रामदयाल फरकिया .

एक नजर में | फिक्की फ्लो इंदौर ने डीजीएफटी के सहयोग से आयोजित किया ज्ञानवर्धक सत्र

निर्यात की प्रक्रियाओं को सरल बनाकर समझाया

इंदौर. निर्यात की जटिल प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित एक अत्यंत जानकारीपूर्ण और रोचक सत्र फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन वंदना गुजराती के नेतृत्व में संगठन ने आयोजित किया. कार्यक्रम में सरकारी अधिकारी, उद्योग विशेषज्ञ और महिला उद्यमी एक मंच पर एकत्रित हुए.

कार्यक्रम में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की टीम के अभिषेक शर्मा ने ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी दी. इससे निर्यात संबंधी प्रक्रियाएं सभी के लिए अधिक सुलभ और अर्थपूर्ण बन गईं. एमएसएमई के सहायक निदेशक गौरव गोयल ने फ्लो इंदौर के लिए लंबे समय से प्रोत्साहन और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया है, उनका आभार व्यक्त किया गया. कार्यक्रम की मेजबानी, ब्रजविद्या सर्विसेज के पंकज जी और उनकी टीम ने की. उन्होंने निर्यात की तकनीकी भाषा और प्रक्रियाओं को बड़ी धैर्यपूर्वक सरल बनाकर समझाया. सदस्यों के लिए सबसे बड़ा सबक यह रहा कि कागज पर जटिल लगने वाली प्रक्रियाएं, जब स्पष्ट रूप से समझाई जाएं, तो व्यवहार में काफी आसान हो जाती हैं. इस सत्र में शामिल महिला उद्यमियों, फ्लो सदस्यों और अतिथियों को ऐसी व्यावहारिक जानकारी मिली जो उनके व्यवसायिक सफर में सीधे मददगार साबित होगी. इस सत्र का कुशल संचालन, नम्रता गर्ग, इनिशिएटिव हेड, एक्सपोर्ट और रागिनी शीराली, इनिशिएटिव हेट, एमएसएमई ने किया.